# विद्या समाचार पत्रिका

विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र

रॉंची * अक्टूबर-दिसम्बर 2021 *अश्विन कृष्ण – पौष कृष्ण * विक्रम संवत् 2078 * वर्ष 1, अंक 3


## संपादकीय

आदरणीय बंधु/भगिनी,



सादर नमस्ते!

विद्या समाचार पत्र, विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र का यह अंक समर्पित है। आशा है आप सभी स्वस्थ्य और सानंद होगें, तथा 'अहर्निशं सेवामहे' की भावना को चरित्रार्थ कर रहे होंगे। आज विश्व के संदर्भ में भारत की भूमिका क्या है? भारत को क्या योगदान करना है? संसार की सारी विविधता जो परस्पर विरोधी लगती है, उसको भी जोड़ने वाला तत्व भारत देता है। उसको हमारे यहाँ धर्म कहते हैं। धर्म की ही जय होती है। भारत के उच्चतम न्यायालय का ध्येय वाक्य भी यही है – 'यतो धर्मस्ततो जयः'। सबकुछ सभी को मिले यही भारतीय विचार है। जिसे 'बहुजन हिताय' कहा गया है। भौतिक वादिता के कारण यह उपभोक्तावाद आया है इसके चलते जो दोष आये हैं उनसे भी हमें बचना है। श्रीनिवास रामानुजन की जयन्ती हमने गणित दिवस के रूप में मनाया है। भारत ने ही दुनिया को शून्य (0) का महत्व बताया। भारत को ही दुनिया में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला बनना है, लेकिन भारत अपने विचारों अपने कृत्य के आधार पर दूसरों को समझा कर बनेगा। कोरोना काल के दूसरे लहर का अवसान हो रहा है। ऑनलाईन कक्षाऐं चल रही हैं, मुहल्ला पाठशाला भी प्रभावी है। तकनीक का सहारा भी आगे रहने वाला है। ऑमीक्रॉन नाम का वायरस भी तेजी से विश्व के अन्य देशों में फैल रहा है। इससे भी हमें बचकर रहना होगा। हमें विश्वास है अंधेरा छटेगा और सवेरा आयेगा।

**भारत माता की जय!**

**मनोज कुमार**
विद्या विकास समिति, झारखंड

## नई शिक्षा नीति भारतीय परंपरा को बढ़ाएगी : मोहंत



मंगलवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते गोविंद चंद्र मोहंत व अन्य। • हिन्दुस्तान

**विद्या भारती**

रांची | संवाददाता

विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गोविंद चंद्र मोहंत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति आज के लिए पूर्ण प्रासंगिक है। इसे लागू करने के लिए विद्या भारती के विद्यालय प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए प्रांत से लेकर विद्यालय स्तर तक कार्यशालाएं आयोजित हो रही हैं। गोविंद चंद्र मोहंत विद्या विकास समिति झारखंड के हिनू स्थित प्रांतीय कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे।

विद्या भारतीय के कार्यों के बारे में उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से मजबूत करने के लिए अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

**विद्या भारती की साधारण सभा 25 मार्च से रांची में:** मोहंत ने बताया कि कार्यक्रमों को गति देने, समीक्षा करने और आगामी योजना के लिए विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की साधारण सभा 25 से 27 मार्च 2022 को रांची में आयोजित होने जा रही है।

विद्या विकास समिति, झारखण्ड, में पूर्व छात्र परिषद् एवं पत्रकार वार्त्ता के आयोजन के अवसर पर विद्या भारती अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री मा. गोविन्द चन्द्र महन्त, विद्या भारती बिहार क्षेत्र के मा. संगठन मंत्री ख्यालीराम जी एवं क्षेत्रीय मंत्री मा. रामअवतार नारसरिया जी।



15 नवम्बर,
'जनजातीय गौरव दिवस'

## नेत्र जांच शिविर आयोजित



**पिस्का नगड़ी :** मंगलवार को नगड़ी के कुदलुम स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में रामकृष्ण मिशन के सौजन्य से नेत्र जाँच शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन डॉ. संतोष कुजूर, नेत्र रोग विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में कक्षा छः से नवम तक के 112 विद्यार्थियों का नेत्र जाँच किया गया साथ ही उन्हें दवा भी दी गई। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुजूर ने कहा शिविर की जिन बच्चों को चश्मे की जरूरत है उन्हें निःशुल्क चश्मा रामकृष्ण मिशन की ओर से उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आसपास के ग्रामीणों के लिए जल्द ही निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन से रविन्द्र यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी, प्रणव प्रभास, सूरज कुमार, स्वाति सोनी, संगीता पांडेय, सुप्रिया कुमारी , प्रतीक साहू, भुनेश्वर साहू, सत्यजीत मंडल, चितरंजन कुमार, शिव कुमार बागति, कामेश्वर ओझा सहित सभी आचार्य बंधु, भगनी उपस्थित रहे।मौके पर उपस्थित आचार्यों को राम कृष्ण मिशन के प्रतिनिधि रविन्द्र यादव द्वारा पुस्तक भेंट की गई।

## सरस्वती विद्या मंदिर में पूर्व छात्र परिषद का आयोजन



**हजारीबाग(आवाज)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में विद्या विकास समिति झारखंड के योजनानुसार 'पूर्व छात्र परिषद्' के भैया-बहनों के गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। भैया बहनों के बीच प्रांतीय योजना को बतलाया गया । इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य विनय कुमार पांडे ने कहा कि पूर्ववती छात्र विद्यालय के एक महत्वपर्ण कडी होते हैं जो निरंतर पर पुरातन छात्र विभिन्न सुझावों के माध्यम से अपने विद्यालय के विकास निमित्त विभिन्न माध्यमों से काम करते रहते हैं। सनद रहे कि अपने विद्यालय से भैया राहुल सोनी, भैया आनंद भारती का चयन आईआईटी में हआ है एवं पुरातन भैया- बहनों ने विद्यालय में बिताए गए अपने अविस्मरणीय क्षण को याद करते हुए विद्यालय के उत्तरोत्तर उन्नति के पथ पर अग्रसर हो इस निमित्त विभिन्न सुझाव दिया। आगामी गोष्ठी 20 दिसंबर 2021 को होगी।

# विद्या समाचार पत्रिका

विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र




## सबा परवीन को प्रांतीय विज्ञान प्रदर्श प्रतियोगिता में दूसरा स्थान

### एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज में ग्यारहवीं की है छात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की 11वीं की विज्ञान की छात्रा सबा परवीन ने झारखंड प्रांत स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में तरुण वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का मान बढ़ाया है। विद्या भारती की वार्षिक कार्य योजना अनुसार विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा यह प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई थी। जिसमें प्रदेश भर के विद्यालयों ने भाग लिया था। पहला स्थान राजकमल धनबाद और तीसरा स्थान थर्ड सी बोकारो ने प्राप्त किया। सबा ने रेन वाटर डिटेक्टर का मॉडल प्रस्तुत करते हुए इसका ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण दी। मार्गदर्शक शिक्षकों में रश्मि अर्पणा बेक और रूपाली पायल शामिल थी। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि सबा परवीन मल्टी टैलेंटेड छात्रा है। पढ़ा लिखा सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल कूद तक वह बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। महाविद्यालय में विद्या भारती की योजनाओं के अंतर्गत शिक्षकों के कुशल निर्देशन में वह उत्तरोत्तर प्रगति कर रही है। सफलता पर उसे बधाई देने वालों में प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सह सचिव अश्विनी कुमार, शिक्षाविद सदस्यों में कृष्णा प्रसाद एवं शशि कुमार गुप्ता, महाविद्यालय के विज्ञान प्रमुख रश्मि साहू सहित आचार्य व कर्मी शामिल है।

## गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की मनी जयंती



सिंदरी। गणित को नया आयाम देने वाले महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सिंदरी में मनायी गयी। विद्यालय के सचिव शशि भूषण गुप्ता, प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, वरिष्ठ आचार्य अशोक कुमार झा द्वारा दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम शुरु किया गया। अतिथियों का परिचय आचार्य अशोक झा द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के प्रस्तावना को रखते हुए रामानुजन द्वारा गणित तथा विज्ञान के क्षेत्र में दिए योगदान को बच्चों को बतलाया। भैया उत्सव गुप्ता एवं बहन सुमन कुमारी कक्षा सप्तम द्वारा रामानुजन के जीवन वृत्त एवं गणित में उनके योगदान के बारे में बतलाया गया। कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के भैया-बहनों के बीच गणित प्रतियोगिता की गयी, जिसमें कक्षा षष्ठ से प्रथम स्थान प्रमित कुमार, द्वितीय स्थान अभिजीत मुखर्जी, तृतीय स्थान सत्यम सिन्हा। सप्तम से प्रथम स्थान उत्सव गुप्ता, द्वितीय स्थान कृष्णा कुमार पांडेय, तृतीय स्थान अनिकेत कुमार मंडल। अष्टम से प्रथम स्थान प्रियांशु राज, द्वितीय स्थान साक्षी तृतीय स्थान रूबी ने प्राप्त किया। मंच संचालन सप्तम की प्रियंका तथा अष्टम के हिमांशु द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्या रंजना सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, कार्यक्रम प्रमुख संध्या मिश्रा, आभा सिंह, सरोज तिवारी, विनय सिंह, अजीत सिंह, सौरभ कुमार व अन्य थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर भूलीनगर



सरस्वती विद्या मंदिर भूलीनगर धनबाद की कक्षा पंचम की बहन पीहू कुमारी ने विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में कथा-कथन प्रतियोगिता के शिशु-वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने प्रान्त एवं क्षेत्र का नाम ऊँचा किया है। बहन को इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से अनंत शुभकामना एवं आशीष !

## कस्तूरबा विद्यालय में हुआ रंगोली और आरती थाली सज्जा प्रतियोगिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



करगली(बेरमो)। फुसरो नगर परिषद अंतर्गत कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में रंगोली एवं आरती थाली सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने आकर्षक व प्रेरक रंगोली बनाकर कला कौशल का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6-10 की 48 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को दो समूह बाल वर्ग व किशोर वर्ग में बांट कर प्रतियोगिता करायी गयी। बाल वर्ग में कक्षा 6-8 एवं किशोर वर्ग में कक्षा 9-10 की छात्राएं शामिल थीं। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, निवेदिता मजूमदार, नूपुर सिंह एवं प्रणोती साहू निर्णायक की भूमिका में रही। प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित की। आरती थाली सज्जा प्रतियोगिता में बाल वर्ग से आयशा कुमारी प्रथम तथा श्वेता कुमारी द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में बाल वर्ग से खुशी, नंदिनी, सविता, मुस्कान प्रथम स्थान पर रही। स्वाति, अनन्या एवं रंजना द्वितीय स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग में कंचन, लक्ष्मी एवं प्रगति को प्रथम स्थान तथा प्रियंका, कृति, खुशी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। अर्चना अग्रवाल ने छात्राओं द्वारा बनायी गयी रंगोली व थाली सजावट की सराहना की। साथ ही और मेहनत करने के लिये प्रोत्साहित किया। कहा कि रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से आप इसे बनाते समय बेहद सकारात्मक महसूस करते हैं और यह प्रक्रिया आपके तनाव को खत्म कर देती है। रंगोली बनाते समय आपकी अंगुली और अंगूठा मिलकर ज्ञानमुद्रा बनाते हैं। जो आपके मस्तिष्क को ऊजार्वान और सक्रिय बनाने के साथ-साथ बौद्ध?क विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। मौके पर पुष्पा सिन्हा, विभा सिंह, अनुपमा झा, शिवपूजन सोनी, संजू ठाकुर एवं मीडिया प्रमुख कुमार गौरव आदि का योगदान रहा।

## Will power and passion are mantras for success: Komolika Bari



**Mail News Service**

**Seraikela, Dec 4:** Girls' personality development camp was organized at Saraswati Sishu Mandir High School in Seraikela. The camp, organized at Shantikunj, under the aegis of Rashtriya Sevika Samiti Jamshedpur branch, was presided by the Principal of the school, Parthasarathi Acharya.

Aparna Singh of Urban Action, Kanchan Ram and Sudha Prajapati of Department Action and All India Physical Head Pakhila Boro were present in the camp. Komolika Bari, the champion at the World Youth Archery Championship, was present as an honoured guest at the Camp. In her inspirational talk to the girl students, Komolika observed, "Passion, dedication and will power are the mantras of success in any field of pursuit. Motivation pushes people towards attainment of goals."

The girls of the schools were informed about their personality development through various programs including various sports and yoga demonstration. The Saraikela and Sini girls of Sishu Mandir participated in the camp. The program concluded with the national song, Vande Mataram in the presence of the girls and teachers of both schools.




**आयोजन** विद्या विकास समिति झारखण्ड के प्रदेश सचिव रजरप्पा पहुंचे, पूजा-अर्चना की

## समय बहुमूल्य है, विद्यार्थी सदुपयोग करें: अजय

संवाद सूत्र, रजरप्पा(रामगढ़) : विद्या विकास समिति झारखण्ड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी शुक्रवार को रजरप्पा पहुंचे। उनके साथ विभाग निरीक्षक रमेशमणि पाठक भी मौजूद थे। यहां पहुंचने पर उन्होंने स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे पठन-पाठन, ऑनलाइन कक्षा व्यवस्था, कक्षा-कक्ष, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। साथ ही वंदना सभा में भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि समय बहुमूल्य है, विद्यार्थी इसका सदुपयोग करें। जो समय को नष्ट करता है, समय उसे नष्ट कर देता है। भारत सरकार की नई शिक्षा नीति को विद्या भारती द्वारा पूरी तरह लागू करने की बात कही। समय के साथ आचार्यों को भी नई



बच्चों को संबोधित करते झारखंड प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी व मौजूद अन्य ● जागरण

तकनीकों, शिक्षण-पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। साथ ही कक्षा में टीएलएम, पीटीएलएम, टीएलई आदि का उपयोग करने एवं भैया-बहनों के चरित्र निर्माण पर बल देने तथा राष्ट्र एवं समाज के प्रति कर्तव्यबोध कराने की बात कही।



बच्चे की कलाकृति

# विद्या समाचार पत्रिका

विद्या भारती, झारखंड के गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला त्रैमासिक पत्र




## भामाशाह स्कूल में ऑनलाइन प्रतियोगिता भैया-बहनों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

भास्कर न्यूज | बरही

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में कक्षा अरुण से लेकर षष्ठ तक भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसमें कक्षा अरुण और उदय के लिए तिरंगा क्राफ्ट तैयार करना, प्रथम और द्वितीय कक्षा के लिए स्वतंत्रता सेनानी सह वेशभूषा प्रतियोगिता, तृतीय और चतुर्थ कक्षा के लिए तिरंगा भोजन तैयार करना एवं पंचम और षष्ठ कक्षा के लिए राज्य स्तरीय वेशभूषा सह खान-पान प्रतियोगिता का विषय रखा गया। इन प्रतियोगिताओं में सभी कक्षा के भैया बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। उक्त प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत भी किया गया। तिरंगा क्राफ्ट तैयार करने की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतीक कुमार, द्वितीय स्थान स्वर्णिका कुमारी, तृतीय स्थान भाव्या कुमारी को मिला।

स्वतंत्रता सेनानी सह वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवम कुमार एवं उन्नति साहा , द्वितीय स्थान करण कुमार और तृतीय स्थान जिगर कुमार को प्राप्त हुआ। तिरंगा भोजन तैयार करने की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल कुमारी एवं खुशी कुमारी, द्वितीय स्थान आरुषि झा एवं आद्या मिश्रा और तृतीय स्थान तनय आर्या को संयुक्त रूप से दिया गया।राज्य स्तरीय वेशभूषा सह खान-पान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनाली कुमारी , द्वितीय स्थान श्रेया कुमारी एवं तृतीय स्थान कोमल कुमारी को मिला। इस प्रतियोगिता का संचालन रश्मि कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री गुडविल सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि अध्ययन के साथ-साथ इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास होता है और उनके अंदर की छिपी हुई प्रतिभा उभर कर सामने आती है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर में श्रीनिवासन रामानुजन की मनी जयंती

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप में गणित मेला व श्रीनिवासन रामानुजन जयंती मनाई गयी। मुख्य अतिथि प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राकेश सिंह ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर गणित मेला व जयंती का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता विद्यालय में 3 वर्ग में संपन्न हुई शिशु वर्ग, बाल वर्ग ,और किशोर वर्ग। भैया बहनों ने एक से एक आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शन का अवलोकन और मूल्यांकन मुख्य अतिथि और निर्णायक बीएसएम कॉलेज के श्याम बिहार सिंह, त्रिभुवन सिंहने मिलकर के किया। विद्यालय में कुल 108 प्रतिभागी भैया बहनों ने अपने-अपने वर्ग में हिस्सा लिया। शिशु वर्ग में प्रथम स्थान बहन अनामिका सिंह और उनके ग्रुप को ,द्वितीय स्थान आदर्श कुमार सिंह और उनके ग्रुप को और तृतीय स्थान



प्रिया चौबे व उनके ग्रुप को प्राप्त हुआ। वही बाल वर्ग में प्रथम स्थान रिया चौबे, द्वितीय स्थान आर्यन जयसवाल और तृतीय स्थान इंदु शुक्ला के ग्रुप को प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग में प्रथम स्थान खुशी कुमारी द्वितीय स्थान ईशा सिंह व तृतीय स्थान मयंक सिंह और उनके ग्रुप को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने किया।

## स्कूल पीपीटी और वीडियो बना कर भेजे : अखिलेश

**साहिबगंज.** प्रांत प्रचार टोली, रांची की ऑनलाइन बैठक शनिवार शाम को की गयी. इसमें क्षेत्र प्रचार प्रमुख अखिलेश कुमार, संच प्रमुख नीरज लाल, प्रांत प्रचार प्रमुख जितेंद्र तिवारी, सह प्रांत प्रचार प्रमुख भोलानाथ दास, मनोज कुमार, विभाग प्रमुख अरविंद पांडेय, जितेंद्र मिश्र, राजेंद्र लाल बरनवाल, अमित कुमार, मनोज कुमार पांडेय एवं विनोद कुमार तिवारी जुड़े थे. बैठक में 24 नवंबर 2021 को क्षेत्र प्रचार, पटना की बैठक पर गहन चर्चा की गयी. अखिलेश ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय अपने विद्यालय के कार्यक्रमों का 5 मिनट का पीपीटी और पांच मिनट का वीडियो बनाकर प्रांत को प्रेषित करें. वहीं कंटेंट निर्माण पर भी जोर दिया गया. आग्रह किया गया कि प्रांत द्वारा प्रेषित यूट्यूब, फेसबुक, ट्वीटर, टेलीग्राम आदि को अधिक से अधिक लाइक एवं शेयर करें, ताकि क्षेत्र और अखिल भारतीय स्तर पर अपनी एक अच्छी स्थिति बन सके. समापन मंत्र के साथ बैठक समाप्त हुई.

## सरस्वती विद्या मंदिर मे टीकाकरण प्रारंभ



उत्कल मेल संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के भैया बहनों का कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई, जो अगले 3 दिनों तक जारी रहेगा इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कोविड-19 रोधी टीका के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि इस टीकाकरण का उद्देश्य 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के भैया बहनों को कोविड रोधी कवच प्रदान करना है आगे उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का स्थान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक चेतना का भी केंद्र हैं इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य विजय कुमार पाठक, ओंकार नाथ सहाय, विजेंद्र शर्मा, अभिनय कुंभकार, रेनू गुप्ता, रितेश रंजन गुप्ता, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, सुरेश ठाकुर, आलोक कुमार पांडे, विकास कुमार गुप्ता, गोपाल प्रसाद उपस्थित थे।

## सीडीएस बिपिन रावत व सैन्य अधिकारियों को सरस्वती शिशु मंदिर में दी गई श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** देश के प्रथम सीडीएस बिपिन रावत सहित हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए सैन्य अधिकारियों को हरिहरगंज के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यालय परिवार ने शोक सभा आयोजन कर शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। पीछले दिनों हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन सिंह रावत उनकी पत्नी मधुलिका रावत सहित 11 अन्य सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई । मौके पर प्रधानाध्यापक विजयेंद्र प्रसाद ने कहा कि जनरल बिपिन सिंह रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ थे । उनके नेतृत्व में हमारी सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक जैसे कई पराक्रम को सफलतापूर्वक कर दिखाया है। आज पूरा देश वीर सैन्य अधिकारियों के प्रति कृतज्ञ है। बाद में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई । मालूम हो कि तमिलनाडु के कन्नूर में सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। इस दुर्घटना में उपरोक्त सभी सैन्य अधिकारी मारे गए थे। श्रद्धांजलि सभा में आचार्य मोहन ठाकुर, हंसराज गुप्ता, संजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, संजू कुमारी, नीलिमा मेहता, स्नेहा कुमारी, रानी कुमारी, नवीन कुमार सिंह सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।









